बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड
महेश भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना

कार्यालय आदेश

संचिका संख्या–*01खा0–01/2015–16*

बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड पटना का बेवसाईट www.kvibbihar.com का वित्तीय वर्ष 2016–17 का रख–रखाव हेतु कार्यालय आदेश संख्या–खा0/103 पटना, दिनांक–31.08.2016 द्वारा जे0पी0बेव, शिव मंदिर, गोलघर चौक, पटना को आदेश दिया गया था। जे0पी0बेव पटना का कार्य संतोष जनक रहने के कारण वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए पुनः निम्न शर्तो के साथ बोर्ड के बेवसाईट के रख रखाव का कार्य किये जाने हेतु आदेश दिया जाता है :–

1. खादी बोर्ड पटना द्वारा निर्गत संकल्प/आदेश/सूचना/निविदा/विज्ञापन आदि जो बोर्ड में उपलब्ध होगा उसे बेवसाईट पर डालने का कार्य किया जाना आवश्यक होगा।
2. बेवसाईट सुचारू रूप से चले इसपर ध्यान देना तथा किसी भी तकनीकी कारणों से संचालन में आये समस्याओं को फर्म द्वारा शीघ्र निराकरण किया जायेगा।

जे0पी0बेव, शिव मंदिर गोलघर, चौक पटना को वित्तीय वर्ष 2017–18 के पूरे वर्ष के लिए बेवसाईट के रख रखाव हेतु मो0 31,000.00 (एकतीस हजार) रूपये मात्र भुगतान किया जायेगा। यह भुगतान तीन किस्तों में किया जायेगा। प्रथम किस्त रू0 10,330.00 (दस हजार तीन सौ तीस) मात्र की भुगतान की स्वीकृति दी जाती है।

उक्त स्वीकृत राशि का भुगतान खादी पुर्नरूद्धार योजना के प्रथम वर्ष 2014--15 में योजना के कार्यान्वयन पर प्रशासनिक एवं खादी बोर्ड द्वारा EOI की नियुक्ति एवं संचालन पर होने वाले व्यय मद में प्राप्त राशि से किया जायेगा।

सहायक लेखा पदाधिकारी (अंकेक्षण सह खादी पुर्नरूद्धार योजना) को निदेश है कि उक्त संस्थान जे0पी0बेव, शिवमंदिर गोलघर चौक, पटना को प्रथम किस्त का भुगतान रू0 10,330.00 (दस हजार तीन सौ तीस) रूपये NEFT/RTGS के माध्यम से भुगतान करेगें।

ह0
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

ज्ञापांक – खा0/123 **पटना, दिनांक –** 26/09/2017

प्रतिलिपि प्रेषित :– जे0पी0बेव, शिव मंदिर, गोलघर, चौक, पटना/उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी (खादी)/सहायक लेखा पदाधिकारी (खादी पुर्न0यो0), बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना/निर्गत प्रभारी गार्ड एवं निजी संचिका खादी बोर्ड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यकतार्थ।

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
26/9/17